सफाई शुल्क की प्राप्ति से सम्बन्धित कुछ प्रकरणों का चयनित आधार पर अंकेक्षण करने के दौरान पाया गया कि निम्न विवरण के अनुसार सम्बन्धित आवासियों से ₹15997 सफाई शुल्क की कम वसूली की गई थी जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जिसका या तो औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा वर्णित राशि की उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित करने के अतिरिक्त भविष्य में परिषद द्वारा इस बारे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि परिषद कोष को वित्तीय हानि से बचाया जा सकेः–

| नाम | रसीद संख्या/दिनांक | वार्ड संख्या | बकाया सफाई शुल्क (₹) | प्राप्त शुल्क (₹) | कम प्राप्त शुल्क (₹) | जिस तिथि से शुल्क बकाया है (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Naval Kishore | 729/54/3/19 | 12 | 49444 | 45565 | 3879 | 07/12 |
| Rachna | 731/66/03/19 | 7 | 23370 | 22800 | 570 | 12/17 |
| Ritu meni | 649/92/03/18 | 2 | 106518 | 94970 | 11548 | 02/02 |
| | | | | **कुल योग** | **15997** | |

**(ग) सफाई कर (Conervancy tax) की वर्तमान दरों के आधार पर वसूली न करना**

सफाई कर की प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख के test check के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा कई निवासियों से वार्षिक सफाई कर की बहुत कम वसूली की जा रही थी। चर्चा के दौरान अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि निवासियों से पुरानी दरों पर निर्धारित सफाई कर के आधार पर देय राशि की वसूली की जा रही है जोकि वर्तमान दरों के अनुसार संशोधित नहीं की गई है। वर्तमान निर्धारित दरों पर सफाई शुल्क की वसूली न किया जाना गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जिसके कारण परिषद को निरन्तर राजस्व हानि उठानी पड़ रही है। आज की तिथि में सफाई कर की वसूली काफी अधिक दर के आधार पर की जाती है। उदाहरण के लिए एक मकान जिसके किसी तल का क्षेत्रफल लगभग 50 वर्गमीटर है तो उस तल का वार्षिक सफाई कर वर्तमान दर के अनुसार ₹2115 (50 वर्ग मीटर x 9400 प्रति वर्ग मीटर/10–10% x 5%) बनता है जबकि पुरानी दरों के अनुसार निर्धारित वार्षिक सफाई शुल्क

की निम्न विवरणानुसार काफी कम वसूली की जा रही है। इस सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा मौखिक रूप से अंकेक्षण को यह भी अवगत करवाया गया कि पुरानी दरों पर निर्धारित सफाई कर की समीक्षा एवं उनके पुनः निर्धारण करने हेतु उनके पास कोई भी दिशा निर्देश नहीं है। अतः पुरानी दरों पर निर्धारित सफाई कर के आधार पर वर्तमान में कर वसूली को या तो न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा वर्णित पुरानी दरों पर निर्धारित सफाई कर एवं सफाई कर दर की समीक्षा के लिए मामला सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उठाया जाये ताकि नगर पालिका की आय में बढ़ौतरी हो सके और कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

| **माह** | **रसीद संख्या** | **नाम** | **सफाई शुल्क (₹)** |
|---|---|---|---|
| 03/18 | 725/92 | जय सिंह | 110 |
| | 726/42 | प्रेमा देवी | 50 |
| | 726/75 | तेजमान | 315 |
| | 727/5 | मुकंद सिंह | 200 |
| | 727/7 | राजेन्द्र सिंह | 80 |
| | 727/25 | कृष्ण चन्द | 70 |
| | 727/81 | दयावन्ती | 420 |
| | 727/89 | जसवन्त कौर | 145 |
| | 728/08 | धनीराम बहादुर | 248 |
| | 728/39 | शीश राम | 130 |
| | 728/73 | दुर्गा दत्त | 187 |
| | 728/90 | तुलाराम व अन्य | 155 |
| | 728/92 | अरूण व अन्य | 135 |
| | 729/44 | कुल राकेश पन्त | 33 |
| | 729/57 | ए0के0 साहनी | 275 |
| | 729/19 | नं0प0/C/O प्रकाश चन्द | 5 |

**(घ) सफाई कर निर्धारण से सम्बन्धित अनियमितता**

अंकेक्षण के दौरान सफाई कर के निर्धारण से सम्बन्धित निम्न प्रकरणों की चयनित आधार पर जाँच करने के दौरान पाया गया कि सफाई कर के निर्धारण हेतु जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह उचित प्रतीत नहीं होती है। नगर परिषद गृह स्वामी को अनापत्ति प्रमाण पत्र

जारी करने से पूर्व सर्वप्रथम वार्षिक सफाई कर का निर्धारण करके देय राशि की वसूली की जाती है तथा सफाई कर निर्धारण हेतु नव निर्मित भवन के क्षेत्रफल के साथ–2 वह भूमि जिस पर भवन निर्मित किया गया है उसकी कीमत को भी गणना में लिया जाता है जो सफाई कर के निर्धारण हेतु आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में घोषित जमीन की कीमत पर आधारित होती है परन्तु आवेदन पत्र के साथ प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया ऐसा कोई भी दस्तावेज संलग्न नहीं किया जा रहा है जिससे घोषित की गई भूमि की कीमत के सही होने की पुष्टि अंकेक्षण में की जा सके जिसके अभाव में निर्धारित सफाई कर का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव नहीं हो सका तथा ऐसी स्थिति में नगर परिषद कोष को नियमित राजस्व हानि होने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः इस सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके कृत कार्यवाही की सत्यापना आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाएः–

| **नाम** | **आवेदन में घोषित की गई भूमि की कीमत (₹)** | **निर्धारित सफाई कर (₹)** |
|---|---|---|
| श्री मोहन लाल पुत्र ज्वाला प्रसाद, वार्ड संख्या 10 | 2000000 | 36075 |
| श्री ओ0पी0 साहनी व अमित साहनी ओपी सीट कोर्ट, माल रोड | 1000000 | 41725 |

**(ङ) पिछले कई वर्षों से सफाई शुल्क की वसूली न करना**

सफाई शुल्क के मांग एवं प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख की चयनित आधार पर जाँच करने के दौरान पाया गया कि परिषद क्षेत्र के कई आवासियों से लाखों रूपये के देय सफाई शुल्क की वसूली पिछले कई वर्षों से नहीं की गई थी जिससे सम्बन्धित कुछ प्रकरण **परिशिष्ट "छ"** पर दर्शाये गए है तथा अन्य ऐसे प्रकरणों की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है जिन्हें परिषद अपने स्त्तर पर चिन्हित करके उनसे भी देय बकाया शुल्क की अविलम्ब वसूली की जानी सुनिश्चित की जाएं।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 20 एवं 23 दिनांक 02.11.19 तथा 34 दिनांक 30.11.19 द्वारा उपरोक्त अनियमितताएं नगर परिषद के ध्यान में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु लाई गई थी जिसके प्रतिउत्तर में परिषद द्वारा शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया। अतः उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9 जल प्रभार से सम्बन्धित अनियमितताएं

**(क) जल प्रभार की बकाया ₹81.21 लाख वसूली हेतु शेष**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद को उपभोक्ताओं द्वारा पानी के बिलों का भुगतान नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है जिसके कारण परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ञ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2019 को विभिन्न उपभोक्ताओं से जल प्रभार के रूप में ₹8120706 की वसूली शेष थी जिससे यह भी स्पष्ट प्रतीत होता है कि अभी तक नगर परिषद द्वारा बकाया जल प्रभार की वसूली हेतु कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है परिणामतः परिषद को सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को पानी की आपूर्ति से सम्बन्धित बिलों की देय बकाया राशि मे भी वर्ष प्रति वर्ष वृद्धि होती जा रही है और परिषद की वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर रही है। अतः परामर्श दिया जाता है कि जल प्रभार की बकाया राशि की वसूली हेतु प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**(ख) नगर परिषद कोष को जल आपूर्ति की एवज में ₹1073.30 लाख की वित्तीय हानि होना**

नगर परिषद द्वारा परिषद क्षेत्र में उपभोक्ताओं को पानी की आपूर्ति सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग सोलन से समय–समय पर निर्धारित दरों पर जल की आपूर्ति प्राप्त करके की जाती है। इस सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ज" तथा "झ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर परिषद को ₹173096324 (75579679 + 97516645) जल आपूर्ति के बिल अधिभार सहित जारी किए गए थे जबकि नगर परिषद द्वारा उपभोक्तओं को ₹65766014 (31091077 + 34674937) के बिल जारी किए गए जिससे स्पष्ट विदित होता है कि जल आपूर्ति खाते में नगर परिषद को अंकेक्षण अवधि के दौरान ₹107330310 (173096324 – 65766014) की वित्तीय हानि उठानी पड़ी जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी यह गम्भीर प्रकरण नगर परिषद के ध्यान में लाया गया था ताकि इस सन्दर्भ में शीघ्र अतिशीघ्र ठोस कार्यवाही अमल में लाई जा सके परन्तु स्पष्टतया अभी तक इस बारे में कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है जबकि नगर परिषद कोष पर लगातार वित्तीय भार बढ़ता जा रहा है। अतः यह प्रकरण पुनः पूर्ण छानबीन उपरान्त आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने हेतु उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में लाया जाता है ताकि परिषद कोष को हो रही निरन्तर हानि से बचाया जा सके।

**(ग) उपभोक्ताओं से वसूली हेतु अत्याधिक राशि शेष होना**

जल प्रभार के मांग एवं प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख के test check के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.03.19 को परिषद क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं से ही जल प्रभार की अत्याधिक बकाया ₹4245115 वसूली हेतु शेष थी जोकि कुल बकाया राशि के आधे से अधिक है तथा जिसका सम्पूर्ण विवरण **परिशिष्ट "ट"** पर दर्शाया गया है। अतः सम्बन्धित उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली हेतु नियमानुसार ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(घ) उपभोक्ताओ को औसत के आधार पर जल प्रभार से सम्बन्धित बिल जारी करना**

जल प्रभार की प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख का चयनित आधार पर अवलोकन करने के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा निम्न उपभोक्ताओं को औसत के आधार पर जल प्रभार के उपयोग से सम्बन्धित बिल जारी किए जा रहे है जिस सन्दर्भ में चर्चा के दौरान एवं लिखित उत्तर द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को औसत के आधार पर बिल जारी किए गए थे जिनके वाटर मीटर खराब है तथा वह नए मीटर लगवाने में असमर्थ है। नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर सन्तोषजनक नहीं पाया गया क्योंकि लम्बी अवधि तक औसत आधार पर जल प्रभार बिल जारी करना नियमानुसार औचित्यपूर्ण प्रतीत नहीं होता तथा ऐसे में किसी वित्तीय हानि की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। अतः इस सन्दर्भ में अब नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए ताकि औसत आधार की अपेक्षा वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर सही जल प्रभार की वसूली सम्भव हो सके और भविष्य में किसी वित्तीय हानि की सम्भावना को नकारा जा सकेः–

| खाता सं0 | मासिक औसत बिल (₹) |
|---|---|
| C-(6)-65 | 1914 |
| B (3)-153-b | 660 |
| C (7)-58 | 1320 |
| D (8)-307 | 578 |
| B (S)-384 | 462 |
| E (11)-184 | 545 |
| F (12)-177 | 545 |
| F(11)-398 | 2538 |
| B(S)-394 | 509 |

| | |
|---|---|
| E(10)-238 | 1452 |
| C(6)-119 | 508 |

**(ङ) जल प्रभार प्राप्ति के सन्दर्भ में computerized रसीदें जारी करना**

नगर परिषद के जल प्रभार की वसूली से सम्बन्धि अभिलेख की पड़ताल करने के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा जल प्रभार की प्राप्ति की एवज में computerized रसीदें प्रत्येक दिन क्रम संख्या एक से आरम्भ करके उस दिन जितने उपभोक्ता जल प्रभार जमा करवाते है उतनी संख्या तक रसीदे जारी कर दी जाती है। उदाहरण के लिए यदि किसी दिन 116 उपभोक्ता बिल जमा करवाते है तो उस दिन 116 रसीदें कर दी जाती है। इस प्रकार प्रत्येक दिन यह क्रम दोहराया जाता है जिससे स्पष्ट विदित होता है कि नगर परिषद द्वारा रसीदें जारी करने हेतु जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है उसमें रसीदें क्रमवार जारी न करने के कारण क्रम की निरन्तता की पड़ताल करना सम्भव नहीं होता है तथा ऐसे में किसी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इस सन्दर्भ में परिषद द्वारा प्रस्तुत लिखित उत्तर भी सन्तोषप्रद नहीं पाया गया। अतः इस सन्दर्भ में पूर्ण छानबीन उपरान्त Software में आवश्यक सुधार करना सुनिश्चित किया जाए ताकि भविष्य में किसी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना को नकारा जा सके।

**(च) जल प्रभार शुल्क ₹0.05 लाख की वसूली न करना**

जल प्रभार की मांग एवं प्राप्ति से सम्बन्धित अभिलेख का चयनित आधार पर अवलोकन करने के दौरान पाया गया कि बिल संख्या 162 दिनांक 26.02.2019 के अनुसार पूर्व एवं वर्तमान जल प्रभार सहित उपभोक्ता (खाता संख्या B (4) 21) से ₹6669 देय बनते थे जबकि रसीद संख्या 42 दिनांक 29.03.19 द्वारा केवल ₹2000 की वसूली की गई थी परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी ₹4669 की कम वसूली किए जाने के सन्दर्भ में अंकेक्षण को स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। अतः इस सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापित करवाई जाए।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 26 एवं 18 दिनांक क्रमशः 19.11.19 एवं 02.11.19 द्वारा उपरोक्त अनियमितताएं परिषद के ध्यान में आवश्यक कार्यवाही हेतु लाई गई थी जिसके सन्दर्भ में परिषद द्वारा प्रस्तुत उत्तर सन्तोषप्रद नहीं पाये गये। अतः उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

## 10 शराब शुल्क

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ड"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश से परिषद क्षेत्र में बेची गई शराब की बोतलों पर एक रूपया प्रति बोतल की दर से प्राप्त शराब शुल्क का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| अवधि | राशि (₹) | पत्र संख्या एवं दिनांक |
|---|---|---|
| 2015–16 | 2446043 | EXN-SLN-Cash-3173 dated 01.04.2017 |
| 2016–17 | 2508357 | EXN-SLN-Cash-15280 dated 31.10.2017 |
| 2017–18 | 2840703 | RTGS-10.01.19 |

**उक्त शराब शुल्क प्राप्ति से सम्बन्धित निम्नलिखित अंकेक्षण टिप्पणियाँ अपेक्षित हैः–**

**(i)** परिषद को सम्बन्धित विभाग से वर्ष 2018–19 हेतु देय शराब शुल्क की प्राप्ति नहीं हुई थी जिसके सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**(ii)** शराब शुल्क की प्राप्ति से सम्बन्धित न तो उपरोक्त सन्दर्भित पत्र अवलोकन हेतु और न ही सम्बन्धित अभिलेख/पंजिका आदि जिसमें शराब शुल्क के वर्षवार प्राप्ति से सम्बन्धित लेखा दर्ज हो अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया जिसके अभाव में प्राप्त शुल्क का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः इस सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही करके सत्यापना आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**(iii)** नगर परिषद क्षेत्र में प्रतिवर्ष कितनी शराब की बोतलों का विक्रय किया गया था इससे सम्बन्धित कोई भी विवरण/अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण उपरोक्त वर्णित प्राप्त राशियां के सही होने की पुष्टि अंकेक्षण में सम्भव नहीं हो सकी। अतः वर्णित सूचना/अभिलेख एकत्र करके आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 21 दिनांक 02.11.19 द्वारा भी उपरोक्त अनियमितताएं नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इनके सन्दर्भ में कोई भी उतर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 11 प्रदर्शन शुल्क की बकाया ₹1.27 लाख वसूली हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ढ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का सम्बन्धित पंजिका के साथ अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.03.19 को सुंदरायन सिनेमा से निम्न विवरणानुसार ₹126700 प्रदर्शन शुल्क की बकाया वसूली हेतु शेष थीः–

| वित्तीय वर्ष | बकाया राशि (₹) | वर्ष के दौरान बकाया राशि | कुल योग (₹) | वर्ष के दौरान ₹50 प्रति शो की दर से प्राप्ति | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2017–18 | 39550 | 54750 (365 x 3 शो प्रतिदिन x ₹50 प्रति शो) | 94300 | 0 | 94300 |
| 2018–19 | 94300 | 54750 (365 x 3 शो प्रतिदिन x ₹50 प्रति शो) | 149050 | 22350 | 126700 |

अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 17 दिनांक 02.11.19 द्वारा उपरोक्त बकाया राशि की वसूली न किये जाने के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था जिसके सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार बकाया वसूली हेतु ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 12 मोबाईल टावर नवीनीकरण शुल्क

### (क)मोबाईल टावर नवीनीकरण शुल्क ₹8.29 लाख वसूली हेतु शेष

अंकेक्षण के दौरान परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ण"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.19 को विभिन्न मोबाईल कम्पनियों से वार्षिक नवीनीकरण शुल्क ₹829539 वसूली हेतु शेष था तथा नगर परिषद द्वारा वर्णित शुल्क की नियमित वसूली हेतु कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही थी जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः वर्णित बकाया शुल्क की वसूली हेतु नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**(ख) नवीनीकरण शुल्क विलम्ब से जमा करवाने के कारण देय penalty की वसूली न करना**

अधिसूचना संख्याः DIT-Dev-(IT) 2005 (Misc.)-96, Department of information Technology, Government of Himachal Pradesh, Dated 21st June, 2017 के पैरा संख्या 3. 4 (vi) (b) में विहित निर्देशों के अनुसार यदि वार्षिक नवीनीकरण शुल्क का भुगतान देय तिथि से 30 दिन के पश्चात किया जाता है तो उस स्थिति में सम्बन्धित Service provider से 5% प्रति सप्ताह की दर से विलम्ब शुल्क (penalty) की वसूली की जानी अपेक्षित है परन्तु मोबाईल टावर नवीनीकरण शुल्क की वसूली से सम्बन्धित अभिलेख के test check के दौरान पाया गया कि अधिकतम mobile service operators से नवीनीकरण शुल्क का भुगतान विलम्ब से प्राप्त हुआ था परन्तु परिषद द्वारा उनसे विलम्ब शुल्क (penalty) की वसूली नहीं की गई थी जोकि अनियमित है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा देय पेनल्टी राशि की अपने स्त्तर पर गणना करके सम्बन्धित कम्पनी से वसूली सुनिश्चित की जाए।

**(ग) मोबाईल कम्पनियों के अतिरिक्त anteenaa से सम्बन्धित अभिलेख का रख–रखाव एवं नियमानुसार देय शुल्क की वसूली न करना**

अधिसूचना संख्याः DIT.Dev-(IT)2005 (Misc.)96, Department of Information Technology Government of Himachal Pradesh, Dated 21st June, 2017 के पैरा संख्या 3.4 (vi) (b) में विहित निर्देशों के अनुसार प्रत्येक अतिरिक्त antenna, जोकि mobile tower को Share करता है, की एवज में mobile tower के वार्षिक नवीनीकरण शुल्क के 60% के बराबर अतिरिक्त शुल्क की वसूली की जानी अपेक्षित है परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी परिषद द्वारा विभिन्न mobile towers एवं उनके अतिरिक्त antennas की संख्या तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान इस हेतु देय शुल्क की वसूली के सन्दर्भ में कोई भी अभिलेख/सूचना अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि परिषद द्वारा न तो इस सन्दर्भ में अपेक्षित अभिलेख का रख–रखाव किया गया है तथा न ही देय शुल्क की कोई वसूली ही की गई थी। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं मौखिक रूप से एवं अंकेक्षण अधियाचना संख्या 15 दिनांक 31.10.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही एवं देय शुल्क की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 13 पार्किंग स्थलों की नीलामी से प्राप्त आय का अंकेक्षण करने पर पाई गई अनियमितताएं

### (क) पार्किंग नीलामी से ₹29.43 लाख वसूली हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "त"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का सम्बन्धित अभिलेख के साथ अवलोकन करने पर पाया गया कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न संविदाकारों से दिनांक 31.03.19 पार्किंग स्थलों की नीलामी से सम्बन्धित ₹2942972 (548752 + 2394220) वसूली हेतु शेष थे जोकि अनियमित है जिसके कारण नगर परिषद को न केवल उक्त राशि बल्कि इस राशि पर ब्याज की जो आय प्राप्त हो सकती थी उससे भी वंचित होना पड़ा है। अतः नियमानुसार बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए।

### (ख) नगर परिषद द्वारा पार्किंग स्थलों से सम्बन्धित सूचना (Notice) में विहित शर्तों का स्वयं पालन न करना

**(i)** नगर परिषद द्वारा पार्किंग स्थलों को नीलामी द्वारा आबंटन हेतु जारी सूचना में विहित शर्तो के अनुसार संविदाकारों से एक निश्चित राशि प्रतिभूति के रूप में वसूल की जानी अपेक्षित है जिसे ठेके की अवधि समाप्त होने के पश्चात पार्किंग स्थल के ठीक पाये जाने की स्थिति में सम्बन्धित संविदाकार को बिना किसी कटौती के लौटाया जाना अपेक्षित होता है परन्तु परिषद द्वारा समय से पूर्व ही प्रतिभूति राशि का समायोजन संविदाकार द्वारा नीलामी उपरान्त ठेके हेतु देय राशि में किया जा रहा था जोकि नीलामी की शर्तों के प्रतिकूल होने के कारण अनियमित है तथा इस कारण परिषद के हित को अनदेखा करके संविदाकार को अनुचित लाभ प्रदान किया गया है। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नीलामी की शर्तों की कढ़ाई से अनुपालना सुनिश्चित की जाए ताकि परिषद के हित पूर्णतः सुरक्षित रह सके।

**(ii)** नगर परिषद द्वारा पार्किंग स्थलों की नीलामी हेतु जारी सूचना में विहित शर्तों के अनुसार संविदाकारों से एक निश्चित राशि प्रतिभूति के रूप में वसूल की जानी अपेक्षित थी परन्तु निम्न तालिका में दर्शाए गए संविदाकारों से प्रतिभूति राशियाँ प्राप्त ही नहीं की गई थी जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जिसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाएः–

| वर्ष | पार्किंग स्थल | संविदाकार का नाम |
|---|---|---|
| 2017–18 | Shishu park tank road | Sh. Raman Sharma |
| 2018–19 | Near M.C. Office | Sh. Durga Dutt |
| 2018–19 | Near Tank Road | Sh. Virender Thakur |
| 2018–19 | Near Purani Kachari | Sh. Naman Thakur |

**(iii)** नगर परिषद द्वारा पार्किंग स्थलों के नीलामी हेतु जारी सूचना में विहित शर्त के अनुसार पार्किंग बोली जिसके हक में स्वीकृत होगी उसे एक वर्ष की नीलामी राशि बतौर अग्रिम उसी दिन जमा करवानी होगी, परन्तु दिनांक 31.03.19 को वसूली हेतु शेष उपरोक्त राशि से स्वयं स्पष्ट होता है कि परिषद द्वारा स्वयं ही इस शर्त को पूरा किए बिना ही संविदाकारों को पार्किंग स्थलों का आबंटन किया जा रहा है जोकि गम्भीर अनियमितता है तथा नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली को परिलक्षित करता है।

**(ग) अनुबन्ध (agreement) से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत न करना**

नीलामी सूचना में विहित शर्त के अनुसार नगर परिषद द्वारा पार्किंग स्थलों की नीलामी के पश्चात सम्बन्धित संविदाकारों के साथ अनुबन्ध किया जाना अपेक्षित है ताकि भविष्य में यदि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसे अनुबन्ध में विहित शर्तों के अनुसार सुलझाया जा सके तथा परिषद कोष को वित्तीय हानि से बचाया जा सके। अंकेक्षण के दौरान कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी निम्न पार्किग स्थलो की नीलामी उपरान्त संविदाकारों के साथ किए गए अनुबन्ध से सम्बन्धित दस्तावेज न तो अवलोकन हेतु अंकेक्षण को प्रस्तुत किए गए तथा न ही इस सन्दर्भ में कोई प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया गया और ऐसी अवस्था में इस सम्भावना में भी इन्कार नहीं किया जा सकता है कि वर्णित अनुबन्ध कार्यान्वित ही न किए गए हो जोकि अनियमित होने के साथ–2 गम्भीर चिन्ता का विषय भी है। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाएः–

| क्र0सं0 | पार्किंग स्थल | संविदाकार का नाम | जितनी राशि पर पार्किंग स्थल ठेके पर दिया गया (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | Parking near M.C. Office | Sh. Raju | 975000 |
| 2 | Near old Bus Stand | Sh. Hemant | 1035000 |
| 3 | Below P.W.D. Rest | Sh. Rakesh | 375000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | house | Bhaglani | |
| 4 | Working near woman hostel | Sh. Kamal Verma | 30000 |
| 5 | Below P.W.D. Rest houswe | Sh.Suraj Singh | 351000 |
| 6 | Near Kotla Nala | Sh. Vinay Bhagnal | 171000 |
| 7 | Near Tank Raoad | Sh.Virender Thakur | 64000 |
| 8 | Near old Bus Stand | Sh.Hemant | 800000 |

**(घ) पार्किंग स्थलों का आबंटन न करना**

पार्किग स्थलों के आबंटन से सम्बन्धित अभिलेख की पड़ताल के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा निम्न पार्किंग स्थलों की न तो नीलामी की गई थी तथा न ही कोई आय प्राप्त की गई थी जिसके कारण परिषद कोष को राजस्व हानि हो रही हैं। कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी इस सन्दर्भ मे वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए पार्किंग स्थलों की नियमानुसार नीलामी करके आबंटन करना सुनिश्चित किया जाए ताकि परिषद की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ हो सके।

| वर्ष | पार्किंग स्थल |
|---|---|
| 2017–18 | Parking near Saprroon |
| 2017–18 | Parking near Working Woman Hostel |
| 2017–18 | Parking near I.T.I. |
| 2018–19 | Near ITI |

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 13 दिनांक 31.10.19 द्वारा परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इनके सन्दर्भ में कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः उपरोक्त अनियमितिताओं के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके, अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**14** **दुकानो/स्टालों के किराए से आय**

**(क) दुकानों/स्टालों के किराए की बकाया ₹138.29 लाख वसूली हेतु शेष**

नगर परिषद द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थित स्टालों/दुकानों के मासिक किराये की वसूली सम्बन्धित व्यवसायियों/कारोबारियों से नियमित रूप से नहीं की जा रही थी जिसके कारण 31.3.2019 को यथा **परिशिष्ट "च"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार ₹13829066 वसूली हेतु शेष थे जोकि गम्भीर अनियमितता है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित अभिलेख के test check के दौरान यह भी पाया गया कि मांग एवं प्राप्ति पंजिका में कई दुकान/स्टाल धारकों के किराये के निर्धारण, बकाया, प्राप्त तथा शेष सम्बन्धी प्रविष्टियाँ अद्यतन (update) नहीं की गई थी जिसके कारण दिनांक 31.03.19 को उक्त दर्शाई गई वसूली हेतु बकाया राशि सही प्रतीत नहीं होती है। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करने के अतिरिक्त अपेक्षित अभिलेख का अद्यतन करते हुए बकाया राशि की वसूली हेतु भी नियमानुसार ठोस कार्यवाही अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी प्राथमिकता के आधार पर अवगत करवाया जाए।

**(ख) कामकाजी महिला आवास के लेखों का अंकेक्षण करने पर पाई गई अनियमितताएं**

**(i)** उप निदेशक सामाजिक महिला एवं अनुसूचित जाति कल्याण हिमाचल प्रदेश के पत्र संख्या 59/75 wel-e दिनांक 03.04.2003 के अनुसार कामकाजी महिला आवास में सिंगल बैड हेतु कामकाजी महिला से उसके कुल वेतन का 15 प्रतिशत बतौर आवास शुल्क प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान कामकाजी महिला आवास पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि वर्ष 2017–18 में कुल 12 में से 11 तथा वर्ष 2018–19 में कुल 14 में से 10 कामकाजी महिलाओं से ₹570 मासिक किराए के रूप में वसूली की जा रही थी। कुल 26 में से 21 कामकाजी महिलाओं के किराए की राशि एक सामान होना स्पष्ट करता है कि उनका वेतन भी एक समान है जोकि संदेहास्पद प्रतीत होता हे। इसके अतिरिक्त नगर परिषद द्वारा लगभग सभी प्रकरणों से महिला आवासियों से उन्हें छात्रावास आबंटन के समय पर ही वेतन प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है तथा उसके उपरान्त उनके द्वारा समय समय पर प्राप्त किये जा रहे वेतन की पुष्टि नहीं की जाती है जबकि ऐसी सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि प्रत्येक वर्ष उनके वेतन में वृद्धि होती हो जिसके फलस्वरूप उनके मासिक किराये में भी

यथानुसार बढ़ौतरी किया जाना अपेक्षित है जोकि परिषद द्वारा नहीं किया जा रहा था। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में प्रत्येक आवासीय महिला के नियोक्ता से प्रति वर्ष वेतन प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाए व नियमानुसार किराया निर्धारण भी तदानुसार ही किया जाए ताकि किराए में भी समय–समय पर वृद्धि सुनिश्चित हो सके और किसी वित्तीय अनियमितता की सम्भावना को भी नकारा जा सके।

**(ii)** अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न वर्णित महिलाओं को महिला आवास में ठहराव की सुविधा प्रदान की गई थी। कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी उनके वेतन प्रमाण पत्र अवलोकन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके कारण इनसे प्राप्त मासिक किराया के सही होने की पुष्टि अंकेक्षण में सम्भव न हो सकी। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाएः–

| क्र0सं0 | महिला का नाम | मासिक किराया (₹) |
|---|---|---|
| 1 | मीनाक्षी | 900 |
| 2 | कल्पना | 900 |

**(iii)** कामकाजी महिला आवास से सम्बन्धित पंजिका का रख–रखाव व अद्यतन सही ढ़ंग से नहीं किया जा रहा था। पंजिका में की गई प्रविष्टियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था जिसके कारण प्रविष्टियाँ विश्वसनीय प्रतीत नहीं होती है। अतः इस सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु परिषद द्वारा इस सन्दर्भ में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी जोकि परिषद की लचर कार्यशैली को परिलक्षित करता है। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण अधियाचना संख्या 12 दिनांक 31.10.2019 द्वारा भी उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस बारे अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई। अतः उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## (ख) अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना

अंकेक्षण के दौरान कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी अंकेक्षण अवधि के दौरान परिषद द्वारा नव निर्मित दुकानों/स्टालों, उनके किराये के निर्धारण से सम्बन्धित दस्तावेज दिनांक 31.03.2019 को किराये पर दी गई एवं खाली कुल दुकानों/स्टालों की संख्या सम्बन्धी सूचना अवलोकन हेतु अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई। इसके अतिरिक्त test check हेतु मांगे

गए अनुबन्ध सम्बन्धी दस्तावेज जिनका विवरण **परिशिष्ट "घ"** में वर्णित है, भी अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए जोकि गम्भीर अनियमितता है क्योकि इसके अभाव में प्राप्त आय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 16 दिनांक 02.11.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में आवश्यक कार्यवाही हेतु लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इनके सन्दर्भ में कोई भी सन्तोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

## 15 भवन निर्माण नक्शा पारित शुल्क

अंकेक्षण के दौरान भवन निर्माण नक्शे पारित शुल्क से सम्बन्धित कुछ प्रकरणों के test check के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

### (क) नक्शा पारित शुल्क ₹0.13 लाख की कम वसूली करना

नगर परिषद द्वारा गलत क्षेत्रफल (Area) के आधार पर गणना करने के कारण निम्न प्रकरणों में नक्शा पारित शुल्क के रूप में ₹12771 की कम वसूली की गई थी जोकि अनियमित है जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा ₹12771 की वसूली उपयुक्त स्त्रोत से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

| आवेदक का नाम | रसीद संख्या/दिनांक/ राशि | वास्तविकता में प्राप्त शुल्क (₹) | अपेक्षित देय शुल्क (₹) | कम प्राप्त शुल्क (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Sh.Vikram Chandel Residential | 807/76 19.01.18 | Plot area= 427 sqm | Plot area = 427 sqm | 3949 |
| | | Case processing fee for development of land = 427 sqm x 2.5/sqm=1068 Case Processing fee as per TCP | Case processing fee for development of land = 427 sqm x 2.5/sqm=1068 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Norms=640.35 x 16 sqm=10246 | | |
| | | Case processing fee for MC norms = 640.35 sqm x 2.5/sqm=1601 | Case processing fee as per MC norms= 853.80 sqm x 2.5/sqm=2135 | |
| | | Case processing fee for change of land use = 427 sqm x 16/ sqm=6832 | Case processing fee for Change of land use = 427 sqm x 16/sqm=6832 | |
| | | Stacking charges/security of map = 2000 | Stacking charges/security of map = 2000 | |
| | | Total = 21747 | Total = 25696 | |
| Smt. Sita w/o Sh. Basti Ram Residential | 769/99 dated 18.04.17 | Plot area = 382 sqm | Plot area = 382 sqm | 1590 |
| | | Case processing fee for development of land = 382 sqm x 2.5/sqm = 955 | Case processing fee for development of land = 382 sqm x 2.5/sqm = 955 | |
| | | Case processing fee as per TCP norms = 636 sqm x 16/Sqm=10176 | Case processing fee as per TCP norms = 636 sqm x 16/Sqm=10176 | |
| | | Case processing fee as per MC norms = 636 sqm x 2.5/sqm=Nil | Case processing fee as per MC norms = 636 sqm x 2.5/ sqm = 1590 | |
| | | Case processing fee for change of land = 382 sqm x 16/sqm=6112 | Case processing fee for change of land =382 sqm x 16/sqm = 6112 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Stacking charges/security of map = 2000 | Stacking charges/security of map= 2000 | |
| | | **Total=19243** | **Total=20833** | |
| Sh. Amar Singh Residential/ commercial | 914/l8 dated 22.3.19 | Plot area = 834 sqm | Plot area = 834 sqm | 6002 |
| | | Case processing fee for change of land = 834 sqm x 2.5/sqm=2085 | Case processing fee for change of land =834 sqm x 2.5/sqm=2085 | |
| | | Case processing fee as per TCP norms = 1021.72 sqm x 16/sqm = 16348 | Case processing fee as per TCP noms= 255.43 sqm (commercial) x 47=12005<br>766.29 sqm x 16/sqm=12261<br>(12005 + 12261)=24266 | |
| | | Case processing fee as per MC norms=1021.72 sqm x 5/sqm= 5109 | Case processing fee as per MC norms= 255.43 sqm (commercial) x 5=1277<br>766.29 sqm x 2.5/sqm=1916<br>(1277 + 1916) = 3193 | |
| | | Case processing fee for change of land use= 834 sqm x | Case processing fee for change of land use=834 sqm x | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 16/sqm=13344 | 16/sqm=13344 | |
| | | Stacking charges/security of map=2000 | Stacking charges/security of map=2000 | |
| | | Total=38886 | Total=44888 | |
| Sh.Sohan Lal and Baldev Raj Residential existing/proposed | 793/06 16.8.17 | Plot area=170 sqm (As per map=246 sqm) | Plot area=246 sqm | 1230 |
| | | Case processing fee for development of land= 170 sqm x 2.5/sqm=425 | Case processing fee for development of land = 246 sqm x 2.5/sqm=615 | |
| | | Case processing fee as per TCP norms = 139.20 sqm x 10.50/sqm=1462 | Case processing fee as per TCP norms=142.44 sqm x 10.50/sqm=1496 | |
| | | Case processing fee as per MC norms=139.20 sqm x 2.5/sqm=348 | Case processing fee as per MC norms=142.44 sqm x 2.5/sqm=356 | |
| | | Case processing fee for change of land use=139.20 sqm x10/sqm=1392 | Case processing fee for change of land use=246 sqm x 10 /sqm=2460 | |
| | | Stacking charges/security of map=2000 | Stacking charges/security of map=2000 | |
| | | **Total=5697** | **Total=6927** | |
| | | | **Total** | **12771** |

**(ख) अंकेक्षण में अभिलेख प्रस्तुत न करना**

नगर परिषद द्वारा नक्शा पारित शुल्क की online वसूली की जा रही थी, परन्तु अंकेक्षण अवधि के दौरान कितने आवेदकों ने online नक्शे पारित करने हेतु आवेदन किया, कितने नक्शे पारित किए गए, पारित किए गए नक्शों के सन्दर्भ में कितने शुल्क की वसूली की गई, वसूली का शीर्ष वार सम्पूर्ण break up इत्यादि से सम्बन्धित किसी भी अभिलेख का रख–रखाव नहीं किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी निम्न वर्णित अभिलेख भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण प्राप्त शुल्क का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख का रख–रखाव एवं अद्यतन करके निम्न तालिका में दर्शाये गए प्रकरणो से सम्बन्धित अभिलेख सहित आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जायेः–

| रोकड़ बही के अनुसार शुल्क प्राप्ति तिथि | राशि (₹) | विवरण |
|---|---|---|
| 1.3.19 | 15963 | Processing fee TCP |
| 8.3.19 | 7692 | Do |
| 22.3.19 | 31777 | Do |
| 6.3.18 | 5290 | Do |
| 6.3.18 | 2380 | Building plan sanction fee |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 44 दिनांक 10.12.19 द्वारा उपरोक्त अनियमितताएं नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी स्पष्टीकरण एवं अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया।

## 16 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.33 लाख की कम वसूली करना

हिमाचल प्रदेश सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (Social justice & empowerment department) द्वारा जारी अधिसूचना संख्या SJE-A-A (3) 1/2015 दिनांक 04.10.2016 में विहित प्रावधानों के अनुसार विवाह के 30 दिनों तथा 30 दिनों के पश्चात पंजीकरण करवाने पर क्रमशः ₹200 व ₹400 तथा IRDP/BPL से क्रमशः ₹25 व ₹50 पंजीकरण शुल्क लिया जाना अपेक्षित है। नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "द"** पर विवाह पंजीकरण शुल्क की प्राप्ति से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन करने पर

पाया गया कि परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्न विवरणानुसार ₹33250 के विवाह पंजीकरण शुल्क की कम वसूली की गई थी जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। वर्णित अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 29 दिनांक 20.11.19 द्वारा परिषद के ध्यान में भी लाई थी परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक इस बारे में कोई भी उत्तर अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः वर्णित अनियमितता को या तो नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा बकाया राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके राजकीय कोष में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अकेक्षण को अवगत करवाया जाएः—

| वर्ष | विवाह के तीस दिनों के भीतर पंजीकृत विवाह | जितना विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया जाना अपेक्षित था (₹) | विवाह के तीस दिनों के पश्चात पंजीकृत विवाह | जितना विवाह पंजीकरण शुल्क प्रापत किया जाना अपेक्षित था (₹) | जितना कुल पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया जाना अपेक्षित था (₹) | जितना पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया गया (₹) | जीतने पंजीकरण शुल्क की कम वसूली की गई (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2017—18 | 38 | 7600 (38 x 200) | 49 | 19600 (49 x 400) | 27200 | 4300 | 22900 |
| 2018—19 | 23 | 4600 (23 x 200) | 49 | 19600 (49 x 400) | 24200 | 13850 | 10350 |
| | | | | | | **कुल योग** | **33250** |

## 17 पालतू कुत्ता शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख का उचित रख—रखाव न करना

नगर परिषद द्वारा यथा **(परिशिष्ट "ध")** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना का सम्बन्धित पंजिका के साथ पड़ताल करने के दौरान पाया गया कि नगर परिषद को वर्ष 2017—18 व 2018—19 मे क्रमशः ₹450 व ₹650 कुत्ता शुल्क के रूप में प्राप्त हुए थे परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी परिषद द्वारा वर्ष 2017—18 तथा 2018—19 तक कुल कितने टोकन जारी किए गए थे इससे सम्बन्धित कोई भी सूचना/अभिलेख अंकेक्षण को उपलब्ध नहीं करवाई गई जिससे ऐसा संशय होता है कि न तो नगर परिषद द्वारा सम्बन्धित अभिलेख का रख—रखाव सही रूप से किया जा रहा है तथा न ही सभी कुत्ता मालिकों से नियमित रूप से देय कुत्ता शुल्क की वसूली की जा रही है जोकि गम्भीर अनियमितता है जिसके कारण दिनांक 31.03.19

को कुत्ता शुल्क की शेष वसूली बारे पूर्ण वस्तु स्थिति अंकेक्षण में स्पष्ट नहीं हो सकी। गत अवधि के अंकेक्षण के दौरान उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार वर्ष 2016–17 तक 498 टोकन जारी किए गए थे तथा चर्चा के दौरान अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि टोकनों की यह संख्या सही नहीं है एवं वर्षवार जारी टोकन की कुल संख्या तथा देय बकाया राशियों की समीक्षा करके अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 17 दिनांक 02.11.19 द्वारा भी उपरोक्त अनियमितता नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक नगर परिषद द्वारा इस बारे कोई भी प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः कुत्ता शुल्क की वसूली न किए जाने बारे में स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 देय बकाया राशि की वसूली एवं अभिलेख का उचित रख–रखाव सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 18 (क) घर–घर से कूड़ा उठाने की योजना से सम्बन्धित सूचना/अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना

नगर परिषद द्वारा घर–2 से कूड़ा एकत्रित किए जाने सम्बन्धी योजना का कार्यान्वयन करते हुए कुछ वाडों में men power उपलब्ध करवाने हेतु ठेकेदारों को ठेके आबंटित किए गए है तथा साथ ही City livelihood centre (CLC) के माध्यम से भी men power hire की गई है। नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "प"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान घर–2 से कूड़ा उठाने के एवज में प्राप्त आय एवं किए गए भुगतान का सम्पूर्ण विवरण निम्नलिखित तालिका में वर्णित है:–

| वित्तीय वर्ष | कुल आय (₹) | कुल व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 2017–18 | शून्य | 7374323 (संविदाकार को भुगतान=₹4787780<br>CLC को भुगतान=₹1637943)<br>कूड़ा उठाने हेतु वाहनों पर किया गया व्यय/भुगतान=₹948600 |
| 2018–19 | 922970 (02/2019 से 03/2019 तक) | 11371618<br>(CLC को भुगतान=₹9950999)<br>कूड़ा उठाने हेतु वाहनों पर किया गया व्यय/भुगतान=1420619 |
| **कुल योग** | **922970** | **18745941** |

उपरोक्त तालिका में प्रस्तुत विवरण से स्पष्ट विदित होता है कि अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद द्वारा घर–घर से कूड़ा उठाने की एवज में केवल ₹922970 की आय प्राप्त हुई की थी जबकि इस सुविधा प्रदान करने हेतु ₹18745941 का भुगतान किया था जिस सन्दर्भ मे कई बार आग्रह के पश्चात भी निम्नलिखित अभिलेख/सूचनाएं अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में वर्णित योजना का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सकाः–

**(i)** नगर परिषद क्षेत्र में ward wise घरों, किराएदारों, दुकानो आदि की संख्या से सम्बन्धित अभिलेख

**(ii)** नगर परिषद द्वारा प्रस्तुत कार्यालय आदेश संख्या 2019, 594 दिनांक 22.2.19 के अनुसार घर घर से कूड़ा उठाने हेतु शुल्क माह 12/2018 से लागू किया गया था (प्रस्ताव संख्या 518/2018) परन्तु माह 12/2018 में इस शुल्क की वसूली न करने से सम्बन्धित वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। इसके अतिरिक्त माह 04/17 से 11/18 तक यह शुल्क अधिरोपित न करने के कारणों से भी अंकेक्षण के अवगत नहीं करवाया गया।

**(iii)** दिनांक 31.03.19 को घर–घर कूड़ा एकत्रित योजना के अन्तर्गत कितनी बकाया राशि वसूली हेतु शेष थी इससे सम्बन्धित सूचना अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं की गई।

उपरोक्त अनियमितता ज्ञापन संख्या 30 दिनांक 20.11.19 तथा 52 दिनांक 12.12.19 द्वारा परिषद के ध्यान में भी लाई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उपरोक्त अनियमितताओं बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही एवं बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ख) वस्तु एवं सेवा आपूर्ति कार्यों के आबंटन में पाई गई सम्बन्धी अनियमितताएं**

Supply of service एवं goods से सम्बन्धित व्यय वाउचरों का अंकेक्षण करने के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

(i) Supply of service एवं goods से सम्बन्धित कार्य का आबंटन किए जाने से पूर्व नियमानुसार सील बन्द निविदाएं (tenders/quotations) आमन्त्रित की जानी अपेक्षित हैं ताकि सम्बन्धित कार्य न्यूनतम प्रतिस्पर्धा दरों (Competitive rates) क्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए करवाया जा सके परन्तु अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न तालिका में दर्शाये गये वस्तु व सेवा आपूर्ति (Supply of service ,oa goods) से सम्बन्धित कार्य के निष्पादन हेतु जो

tenders/quotations आमन्त्रित किए गए थे वे सील बन्द प्रतीत नहीं होते है तथा इस कारण वर्णित कार्यों के आबंटन हेतु अपनाई गई प्रक्रिया नियमानुसार पारदर्शी नहीं थी। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अनियमितता को उच्च सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाना सुनिश्चित किया जाएः–

| क्र0 सं0 | वा0सं0 / माह / राशि | नाम | गाड़ी सं0 | राशि / अवधि | कार्य आबंटन पत्र संख्या / दिनांक | विवरण / उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 / 04 / 18 / 106000 | श्री भूपेन्द्र ठाकुर | एच0पी0–64ए –2261 | 39000 प्रतिमाह / 3 वर्ष | MC/work/2017-7332, dated 8.3.17 | जगह–2 से कूड़ा उठाकर कूड़ा संयत्र में फेंकने हेतु |
| 2 | | श्री तिलक राज | एचपी–64–2990 | 28000 प्रतिमाह / 3 वर्ष | MC/work/2017-7874, dated 20.3.17 | जगह–2 से कूड़ा उठाकर कूड़ा संयत्र में फेंकने हेतु |
| 3 | | श्री विपिन गुप्ता | एच0पी0–64ए –1614 | 39000 प्रतिमाह / 3 वर्ष | MC/work/2017-7873, dated 4.3.17 | जगह–2 से कूड़ा उठाकर कूड़ा संयत्र में फेंकने हेतु |
| 4 | 9 माह 04 / 18, 54000 | श्रीमती नीतू शर्मा | –– | 54000 प्रतिमाह 1 वर्ष | MC/work/2017-3127, dated 15.9.17 | वार्ड संख्या 11 में घर–घर से कूड़ा उठाने हेतु (6 सफाई कर्मी) |
| 5 | 16 माह 04 / 18, 14078 | Raghav chick house Solan | –– | 14078 | MC/work/2017-3473, dated 4.10.17 | रेस्ट हाउस हेतु crockery के क्रय से सम्बन्धित |

**(ii)** आबंटन पत्र में विहित शर्त के अनुसार उपरोक्त तालिका के क्रम संख्या 1 से 3 में वर्णित कूड़ा उठाने से सम्बन्धित कार्यों के वाहनों की लॉग बुक प्रतिदिन सफाई निरीक्षक एवं कनिष्ठ

अभियन्ता द्वारा सत्यापित की जानी अपेक्षित है परन्तु इस शर्त का पालन नहीं किया जा रहा था। अतः इस सन्दर्भ में अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

**(iii)** उपरोक्त तालिका के क्रम संख्या 5 पर वर्णित विवरण के अनुसार विश्राम गृह हेतु crockery क्रय की गई थी परन्तु सम्बन्धित स्टॉक/स्टोर रजिस्टर में विभिन्न crockery items की प्रविष्टि नहीं दर्शाई गई। अतः इस सन्दर्भ मे वस्तु स्थिति स्पष्ट की जाये तथा अपेक्षित कार्यवाही करके सम्बन्धित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 47 दिनांक 12.12.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

## 19 लाईसैन्स नवीनीकरण शुल्क की बकाया ₹2.16 लाख वसूली हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "फ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2019 को ₹216350 लाईसैन्स नवीनीकरण शुल्क की बकाया वसूली हेतु शेष थी जोकि गम्भीर अनियमितता है। अतः लाईसैन्स फीस की वसूली न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 20 विश्राम गृह

### (क) विश्राम गृह शुल्क ₹450 की कम वसूली करना

नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि बाहरी व्यक्तियों से मुख्य विश्राम गृह तथा स्टेज के नीचे निर्मित कमरों में ठहराव हेतु क्रमशः ₹300 एवं ₹200 प्रतिदिन की दर से ठहराव शुल्क लिया जाना निर्धारित है जबकि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ward members एवं press reporters के लिए यह शुल्क ₹150 प्रतिदिन निर्धारित किया गया है। अंकेक्षण में विश्राम गृह पंजिका के टेस्ट चैक के दौरान पाया गया कि निम्न विवरण के अनुसार बाहरी व्यक्तियों से ₹450 ठहराव शुल्क के रूप में कम वसूले गए थे जिसका या तो पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा ₹450 की उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित की जाएः–

| दिनांक | नाम | जितनी वसूली की जानी अपेक्षित थी (₹) | जितनी वसूली की गई थी (₹) | कम वसूली (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 28 से 29.12.17 | श्री किशन चन्द | 300 | 150 | 150 |
| 09 से 10.4.18 | श्री अनिल कुमार | 300 | 150 | 150 |
| 28 से 29.4.18 | श्री सोम दत्त | 300 | 150 | 150 |
| | | | **कुल योग** | **450** |

**(ख) विश्राम गृह पंजिका का उचित रख–रखाव न करना**

अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि विश्राम गृह पंजिका में आगन्तुक (Visitor) के आने का उद्देश्य, उसके आने की तिथि एवं समय सम्बन्धी विवरण पूर्ण रूप से नहीं भरा जा रहा है जोकि अनियमित है क्योंकि इसके अभाव में देय शुल्क का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अभिलेख को पूर्ण रूप से अद्यतन (update) एवं सत्यापित करके आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 52 दिनांक 12.2.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

## 21 आय से सम्बन्धित अभिलेख का उचित रख–रखाव न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा आय से सम्बन्धित अभिलेखों का नियमानुसार उचित रख–रखाव नहीं किया जा रहा था। मोबाईल टावर शुल्क पंजिका, पार्किंग शुल्क पंजिका, दुकानों/स्टालों के किराये सम्बन्धी पंजिका, लाईसेन्स नवीनीकरण शुल्क पंजिका, सफाई शुल्क पंजिका आदि में कई प्रविष्टियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था तथा कई खातों में बकाया शेषों को अद्यतन (Update) भी नहीं किया गया था जोकि गम्भीर अनियमितता है जिसके कारण वसूली हेतु दर्शाई गई बकाया राशि की गणना/सत्यता की अंकेक्षण में पुष्टि करना सम्भव न हो सका। अंकेक्षण के दौरान एवं गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में भी यह अनियमितता परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु इस सन्दर्भ में कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई जोकि गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 22 स्थापना (Establishment) पर निर्धारित सीमा से अधिक ₹261.23 लाख का अनियमित व्यय करना

हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994 की धारा 53 (1) (सी) में विहित प्रावधानों के अनुसार स्थापना पर नगरपालिका के कुल व्यय के एक तिहाई भाग से अधिक व्यय नहीं किया जा सकता परन्तु नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "घ"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान स्थापना पर निम्न विवरणानुसार ₹26122719 का व्यय निर्धारित सीमा से अधिक किया गया था जोकि अनियमित है। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 19 दिनांक 02.11.19 द्वारा वर्णित अनियमितता के सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक नगर परिषद द्वारा कोई भी औचित्य/स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में उक्त अनियमितता की पुनरावृति न हो यह भी सुनिश्चित किया जायेः—

| **वित्तीय वर्ष** | **कुल व्यय (₹)** | **कुल व्यय का 1/3 भाग (क) (₹)** | **स्थापना पर किया गया वास्तविक व्यय (ख) (₹)** | **निर्धारित सीमा से अधिक व्यय (ख—क) (₹)** |
|---|---:|---:|---:|---:|
| 2017—18 | 243476691.85 | 81158897 | 81762443 | 603546 |
| 2018—19 | 226901073.00 | 75633691 | 101152864 | 25519173 |
| | | | **कुल योग** | **26122719** |

## 23 परिषद निधि से ₹19.80 लाख की ग्रैच्युटी का अनियमित भुगतान करना

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "न"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान परिषद द्वारा ग्रेच्युटी निधि में यथेष्ट (Sufficient) राशि उपलब्ध न होने पर सेवानिवृत कर्मचारियों को दिनांक 31.3.2019 तक नगर परिषद निधि से ₹1979781 की ग्रेच्युटी का भुगतान किया गया था जोकि अनियमित है क्योंकि नियमानुसार नगर परिषद में ग्रेच्युटी का भुगतान ग्रेच्युटी निधि से किया जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 35 दिनांक 30.11.19 द्वारा इस सन्दर्भ में नगर परिषद से वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वर्णित

अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो इसे सक्षम प्राधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा दिनांक 31.3.2019 तक नगर परिषद निधि से ग्रेच्युटी हेतु किए गए अनियमित भुगतान की उपयुक्त स्त्रोत से प्रतिपूर्ति करके नगर परिषद निधि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 24 नगर परिषद निधि से ₹715.42 लाख की Pension का अनियमित भुगतान करना

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "न"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान परिषद द्वारा पैन्शन निधि में यथेष्ट (Sufficient) राशि उपलब्ध न होने पर सेवानिवृत कर्मचारियों को दिनांक 31.03.2019 तक नगर परिषद निधि से ₹71541632 की पेन्शन का भुगतान किया गया था जोकि अनियमित है क्योंकि नियमानुसार नगर परिषद में पैन्शन का भुगतान पैन्शन निधि किया जाना अपेक्षित था। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 35 दिनांक 30.11.19 द्वारा इस सन्दर्भ में नगर परिषद से वस्तु स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वर्णित अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो इसे सक्षम प्राधिकारी की विशेष स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा दिनांक 31.3.2019 तक नगर परिषद निधि से पैन्शन हेतु किए गए अनियमित भुगतान की उपयुक्त स्त्रोत से प्रतिपूर्ति करके नगर परिषद निधि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

### (i) आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा सम्बन्धित पंजिकाओं में मासिक वेतन व पैन्शन भुगतान सम्बन्धी प्रविष्टियों का सत्यापन न करना

अंकेक्षण अवधि के दौरान मासिक वेतन एवं पैन्शन के भुगतान सम्बन्धी प्रविष्टियों को आहरण एवं वितरण अधिकारी से सम्बन्धित पंजिकाओं में सत्यापित नहीं करवाया गया था जोकि अनियमित है। नियमानुसार प्रत्येक भुगतान को आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित करवाया जाना अपेक्षित है। वर्णित अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 52 दिनांक 12.12.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 25 जय चन्द, मीटर रीडर को ₹11218 का वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान करना

नगर परिषद के लेखो के अंकेक्षण के दौरान श्री जय चन्द, मीटर रीडर की सेवा पंजिका में वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या Fin (PR) B(7)-1/98-iv दिनांक 9.10.17 के अन्तर्गत देय three Tier pay के अन्तर्गत higher pay scale में वेतन निर्धारण से सम्बन्धित प्रविष्टियों की जाँच करने पर पाया गया कि कर्मचारी को उक्त अधिसूचना के अन्तर्गत वेतन के निर्धारण में higher pay scale के साथ एक अतिरिक्त वेतन, वृद्धि का लाभ प्रदान करके वेतन का निर्धारण किया गया था जबकि नियमानुसार कर्मचारी को केवल higher pay scale ही देय था। अतः वर्णित अनियमितता के कारण उक्त कर्मचारी को वेतन में **परिशिष्ट "झ"** में वर्णित विवरणानुसार ₹11218 का अधिक भुगतान किया गया था जोकि अनियमित है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 9 दिनाक 30.10.19 के द्वारा यह मामला कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद के ध्यान में लाया गया था और इस सन्दर्भ में लेखा परीक्षा के दौरान कार्यकारी अधिकारी ने पत्र संख्या SLN-M.C. (LAD)-2019-4711 दिनांक 10.12.19 द्वारा लेखा परीक्षा को अवगत करवाया कि उक्त अधिक भुगतान ₹11218 की वसूली उनके पुनः वेतन निर्धारण करने के उपरान्त देय बकाया राशि में से ₹10077 समायोजित करके तथा शेष ₹1141 (₹11218–10077) की वसूली उनके वेतन देय माह 11/12 प्रदत्त माह 12/12 से कर ली गई थी जिसकी सत्यापना अंकेक्षण में भी अंकेक्षण के दौरान कर ली गई थी।

## 26 हि0प्र0 सरकार के आदेशों के प्रतिकूल कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने के कारण ₹0.88 लाख वेतन का अनियमित भुगतान करना (वाउचर संख्या 2 दिनांक 04/18)

हिमाचल प्रदेश सरकार, कार्मिक विभाग के पत्र संख्या No. Per (AP.B) B(15)-6/2012 dated, शिमला–171002 27th December, 2017 में विहित अनुदेशों के अनुसार "All extension in service or re-employment granted to the government servants after attaining the age superannuation are hereby terminated withour serving any notice परन्तु वर्णित आदेशों के प्रतिकूल नगर परिषद द्वारा श्री नन्द लाल वर्मा सेवा निवृत AE तथा श्री यश पाल चन्देल JE की सेवाएं दिनांक 27.12.17 के उपरान्त भी ली जानी जारी रखी गई तथा उन्हे क्रमशः ₹10000 तथा ₹7500 प्रति माह मई 2018 तक ₹87500 (50000 (10000 x 5) +37500 (7500 x 5) के वेतन का अनियमित भुगतान किया गया जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 43 दिनांक 10.12.19 द्वारा उक्त अनियमितता नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी

प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वर्णित अनियमितता का नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए या तो इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए अन्यथा ₹87500 की वसूली उपयुक्त स्त्रोत से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**27 दैनिक वेतन भोगी को ₹0.01 लाख की मजदूरी का अधिक अनुचित भुगतान करना (वाउचर संख्या 8 दिनांक 04/18)**

नियमानुसार दैनिक भोगी कर्मचारी को छह कार्य दिवस के प्श्चात एक paid holiday प्रदान करने का प्रावधान है परन्तु उपरोक्त वाउचर का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि Muster roll संख्या 299 में तीन दैनिक भोगियों को 31.3.18 को paid holiday का भुगतान पाँच कार्य दिवस (दिनांक 26.3.18 से 30.3.18) के पश्चात ही कर दिया गया था जोकि अनियमित है जिसके कारण उन्हें ₹630 (3 x 210) की मजदूरी अनियमित रूप से अधिक भुगतान किया गया था। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 38 दिनांक 04.12.19 द्वारा वर्णित अनियमितता बारे नगर परिषद को अवगत करवाया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः नियमानुसार या तो उक्त अनियमितता न्यायोचित ठहराई जाए अन्यथा ₹630 की वसूली उपयुक्त स्त्रोत से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**28 (क) यात्रा भत्ता भुगतान के अंकेक्षण पर पाई गई अनियमितताएं (वाउचर संख्या 11 माह 04/18, ₹9240)**

**व्यय वाउचर की पड़ताल के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई जिनका यथोचित समाधान करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–**

**(i)** हि0प्र0 शहरी विकास निदेशालय के पत्र संख्या UD (F)-(1)-10/97-NULM-Attendence-18601-610 दिनांक 14.01.16 में विहित निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के अन्तर्गत deployed experts को यात्रा भत्ते का भुगतान हि0प्र0 सरकार वित्त विभाग के आदेश दिनांक 20th April, 2012 में वर्णित B category के अनुरूप किया जाना अपेक्षित है परन्तु NULM योजना के अन्तर्गत कार्यरत्त श्री अखिलेश कुमार, Manager को निम्न विवरण के अनुसार ₹6916 के यात्रा भत्ते का भुगतान उक्त वर्णित अनुदेशों/नियमों के प्रतिकूल अधिक किया गया था जोकि अनियमित है जिसे या तो नियमानुसार न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा ₹6916 की वसूली उपयुक्त स्त्रोत से सुनिश्चित की जायेः–

| यात्रा तिथि | यात्रा का विवरण / अवधि | यात्रा भत्ता भुगतान राशि (own car) (1) (₹) | देय यात्रा भत्ता (साधारण बस किराया) (2) (₹) | अधिक भुगतान (1-2) (₹) | DA भुगतान (1) (₹) | देय DA / tour की समय अवधि (2) (₹) | अधिक भुगतान (1-2) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15/2/18 | MC Solan to Mc Nalagarh & Back / 1 दिन | 1360/- (170 km x 8/-) | 243/- [96(86x1.12/- +147(84x1.75)] | 1117/- | 200/- | 96/- (12 घंटे से अधिक) | 104/- |
| 16/2/18 | MC Solan to Mc Parwanoo & Back / 1 दिन | 640/- (80 km x 8/-) | 140/- [(80x1.75)] | 500/- | 200/- | 67/- (12 घंटे से कम) | 133/- |
| 17/2/18 | MC Solan to Mc Baddi & Back / 1 दिन | 1200/- (150 km x 8/-) | 221/- [74(66x1.12/- +147(84x1.75)] | 979/- | 200/- | 96/- (12 घंटे से अधिक) | 104/- |
| 13/2/18 Tthaa 14/2/218 | MC Solan to Mc Parwanoo & Back / 2 दिन | 640/- (80 km x 8/-) | 140/- [(80x1.75)] | 500/- | 400/- | 400/- | शून्य |
| 16/2/18 | MC Solan to Mc Baddi & Back / 1 दिन | 1200/- (150 km x 8/-) | 221/- [74(66x1.12/- +147(84x1.75)] | 979/- | 200/- | 67/- (12 घंटे से कम) | 133/- |
| 28/3/18 | MC Solan to Mc Nalagarh & Back / 1 दिन | 1400/- (175 km x 8/-) | 249/- [102(91x1.12/- +147(84x1.75)] | 1151/- | 200/- | 96/- (12 घंटे से अधिक) | 104/- |
| 29/3/18 | MC Solan to Mc Baddi & Back / 1 दिन | 1200/- (150 km x 8/-) | 221/- [74(66x1.12/- +147(84x1.75)] | 979/- | 200/- | 67/- (12 घंटे से कम) | 133/- |
| **कुल योग** | | **7640/-** | **1435/-** | **6205/-** | **1600/-** | **889/-** | **711/-** |
| **कुल अधिक भुगतान = 6916/- (6205+711)** | | | | | | | |

**(ii)** उपरोक्त व्यय वाउचर के अन्तर्गत श्री अखिलेश कुमार Manager को तीन यात्रा भत्ता दावे हेतु ₹3800, ₹2440 एवं ₹3000 का भुगतान किया गया था परन्तु वाउचर के साथ न तो वर्णित यात्रा कार्यक्रम की tour diaries संलग्न थी एवं न ही दिनांक 28.3.18 से 29.3.18 तक से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित यात्रा कार्यक्रम संलग्न था जिसके अभाव में उक्त

भुगतान अनियमित है। अतः अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iii)** श्री अखिलेख कुमार Manager के यात्रा भत्ता दावों में न तो उनके मूल वेतन व ग्रेड पे का उल्लेख था और न ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ऐसा कोई दस्तावेज अंकेक्षण को प्रस्तुत किया गया जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह expert की श्रेणी में आते है जबकि उपरोक्त तालिका में दर्शाये गए अधिक भुगतान की गणना उन्हें expert मानकर की गई है। अतः इस सन्दर्भ में सम्बन्धित दस्तावेज/सूचना आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**(iv)** उपरोक्त के अतिरिक्त निदेशालय शहरी विकास के उक्त सन्दर्भित पत्र में विहित निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित एक्सपर्ट को वेतन के 25% से अधिक यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं किया जाना है परन्तु इस तथ्य की अंकेक्षण में पुष्टि हेतु आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा सत्यापित कोई अभिलेख (पंजिका आदि) भी अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किया गया जिसे अब आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

वर्णित अनियमितता केवल चयनित मास से सम्बन्धित है एवं अंकेक्षण अवधि के अन्य मासों में भी इस प्रकार के अधिक भुगतान की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है जिस सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा अपने स्तर पर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 48 दिनांक 12.12.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ।

**(ख) यात्रा भत्ते दावे के रूप में ₹0.17 लाख का अधिक भुगतान करना**

**(i) यात्रा भत्ते दावे के रूप में ₹423 का अधिक भुगतान**

नगर परिषद के माह 10/2017 के भुगतान वाउचरों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि

**(ii)** श्री नागेश्वर, Manager skills & micro enterprises development द्वारा दिनांक 21.09.17 को सोलन से नालागढ़ व वापसी तक तथा सोलन से बददी व वापसी तक की गई यात्रा हेतु ₹200 दैनिक भत्ते की दर से 2 दिनों के लिए ₹400 के यात्रा भत्ते का भुगतान किया गया था जबकि यात्रा भत्ता नियमों तथा निर्देशालय शहरी विकास के पत्र संख्या UD(F)-(1)-10/97-NULM-Attendence-18601-610 दिनांक 14.1.16 द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अन्तर्गत उन्हें

यात्रा के दौरान ₹96 तथा प्रवास के दौरान ₹200 प्रतिदिन के हिसाब से ₹143 प्रतिदिन का भुगतान देय बनता था। इस प्रकार दो दिन की यात्रा हेतु उन्हें ₹114 का अधिक भुगतान किया गया था

इसके अतिरिक्त उन्हें निम्न विवरणानुसार दिनांक 9.10.17 से 11.10.17 तक, सोलन से नालागढ़ तथा वापसी तक की यात्रा के लिए ₹5326 के यात्रा भत्ते का भी अधिक भुगतान किया गया था

| **श्री डी0 नागेश्वर** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **यात्रा की तिथि** | **यात्रा का विवरण/अवधि** | **निजी वाहन द्वारा यात्रा भत्ता की राशि का भुगतान (₹)** | **जितना यात्रा भत्ता देय बनता था (साधारण बस किराया) (₹)** | **अधिक भुगतान (₹)** | **दैनिक भत्ता का भुगतान (₹)** | **दैनिक भत्ता का जितना भुगतान देय बनता था/यात्रा की समय अवधि (₹)** | **अधिक भुगतान (₹)** |
| 9/10/17 | MC Solan to Shimla and back | 1500 | 84 | 1416 | 200 | 50%of 200+96/2=143 | 57 |
| 10/10/17 | MC Solan to MC Parwanoo and back | 1500 | 80 | 1420 | 200 | 50% of 200+96/2=143 | 57 |
| 11/10/17 | MC Solan to Nalagarh | 2500 | 221 | 2279 | 200 | 70 % of 200+96/2=103 | 97 |
| | **अधिक भुगतान** | **₹5326 (5115 +211)** | | | | | |

अतः उन्हें कुल ₹5440 (5326 + ₹114) के यात्रा भत्ता दावे का अधिक भुगतान किया गया था, जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा ₹5440 की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(iii)** इसी प्रकार श्री अखिलेश Manager Social development & infrastructure द्वारा दिनांक 9.10.17 को शिमला से सोलन व वापसी तक तथा दिनांक 10.10.17 को सोलन से परवाणु व वापसी तक और सोलन से नालागढ़ व वापसी तक की गई यात्रा हेतु 3 दिनों के लिए ₹200 दैनिक भत्ते की दर से ₹600 के यात्रा भत्ते का भुगतान किया जबकि नियमानुसार उन्हें यात्रा के दौरान ₹96 तथा प्रवास के दौरान ₹200 प्रतिदिन की दर से ₹97 प्रतिदिन का भुगतान देय

बनता था। इस प्रकार तीन दिन की यात्रा हेतु उन्हें ₹309 (600–291) (97X3) का अधिक भुगतान किया गया था।

इसके अतिरिक्त उन्हें निम्नानुसार देय यात्रा की अपेक्षा ₹4752 का अधिक भुगतान किया गया थाः–

| **श्री अखिलेश सिंह** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **यात्रा की तिथि** | **यात्रा का विवरण/अवधि** | **निजी वाहन द्वारा यात्रा भत्ता की राशि का भुगतान (₹)** | **जितना यात्रा भत्ता देय बनता था (साधारण बस किराया) (₹)** | **अधिक भुगतान (₹)** | **दैनिक भत्ता का भुगतान (₹)** | **दैनिक भत्ता का जितना भुगतान बनता था/यात्रा की समय अवधि (₹)** | **अधिक भुगतान (₹)** |
| 21.9.17 | MC Solan to Nalagarh | 2500 | 221 | 2279 | 200 | 70%of 200+96/2=103 | 97 |
| 27.9.17 | MC Solan to Nalagarh | 2500 | 221 | 2279 | 200 | 70% of 200+96/2=103 | 97 |
| **कुल अधिक भुगतान** | | **₹4752 (4558 + 194)** | | | | | |

अतः उन्हें कुल ₹5061 (₹4752 + 309) के यात्रा भत्ता दावे का अधिक भुगतान किया गया था जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा ₹5061 की उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 29 बिजली के बिलों में ₹0.28 लाख का अनियमित भुगतान करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा निम्न विवरणानुसार बिजली के बिलों का भुगतान किया गया था जबकि यह बिल नगर परिषद के नाम से जारी ही नहीं किए गए थे बल्कि किसी अन्य संस्था के नाम से जारी किए गए थे तथा ऐसे में अन्य संस्था के बिजली बिल नगर परिषद निधि से भुगतान करना गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जोकि न केवल अनियमित है बल्कि परिषद कोष पर अनुचित प्रभार भी है। कई बार आग्रह के पश्चात भी इस सन्दर्भ में अंकेक्षण को वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 38 दिनांक 04.2.19 द्वारा वर्णित अनियिमतता बारे नगर परिषद को अवगत करवाया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः वर्णित अनियमितता को या तो न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा ₹28020 की उचित स्त्रोत से वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाएः–

| वाउचर संख्या / माह / राशि | बिल जिसके नाम जारी किया गया | अवधि | बिल की राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 46 / 04/18 / 178163/- | Assistant Engineer, HB Colony Saproon. | 8/3/18 से 13/4/18 | 9276/- |
| | Assistant Engineer, HIMUDA Subdivision, Housing Board. | 3/18 से 4/18 | 17894/- |
| 50 / 04/18 / 84165/- | SDO HPPWD COOK | 3/18 से 4/18 | 850/- |
| | | **कुल योग** | **28020** |

## 30 सामान्य भविष्य निधि से कर्मचारियों को स्वीकृत आहरण राशि के समर्थन में अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिषद द्वारा निम्न विवरण के अनुसार सम्बन्धित कर्मचारियों को सा0भ0 निधि से आहरण एवं अग्रिम राशियाँ स्वीकृत की गई थी परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी सामान्य भविष्य निधि से सम्बन्धित अभिलेख (पंजिकाएं) अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण सम्बन्धित कर्मचारियों के खातों में निकासी से पूर्व शेष जमा राशि का सत्यापन सम्भव न हो सका। यह अनियमितता अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 52 दिनांक 12.12.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए सम्बन्धित अभिलेख अद्यतन (update) करके आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाएः–

| वाउचर संख्या / माह | कर्मचारी का नाम | पद | आहरण / अग्रिम के समय खाते में शेष राशि | आहरण / अग्रिम संबंधी राशि (₹) | विवरण (₹) | उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 / 04/18 | श्रीमती रीता शर्मा | चपड़ासी | 258688/- | 150000/- | आहरण | मकान के कार्य हेतु |
| | श्रीमती विमलेश | सफाई कर्मचारी | 357646/- | 40000/- | अग्रिम | मकान की मुरम्मत हेतु |
| | श्री अमित कुमार | सफाई कर्मचारी | 156585/- | 40000/- | अग्रिम | आपरेशन हेतु |
| 18 / 04/18 | श्री उमेश शर्मा | कनिष्ठ सहायक | 57060/- | 30000/- | आहरण | भवन निर्माण हेतु |
| | श्री सुशांत मोहन शर्मा | कनिष्ठ सहायक | 112161/- | 50000/- | आहरण | मुंडन हेतु |
| | श्री इंदर दत्त | माली | 1915675/- | 300000/- | आहरण | धोते की शादी हेतु |
| | श्री कृशन दत्त | बेलदार | 179051/- | 30000/- | अग्रिम | मकान की मुरम्मत हेतु |
| | श्री राकेश कुमार | दरोगा | 227501/- | 50000/- | अग्रिम | भांजी की शादी हेतु |
| | श्री संजय | दरोगा | 549023/- | 300000/- | अग्रिम | मकान की मुरम्मत हेतु |
| | श्री बिरजू | सफाई कर्मचारी | 251842/- | 30000/- | अग्रिम | मुंडन हेतु |
| | श्री अशोक कुमार | सफाई कर्मचारी | 138001/- | 30000/- | अग्रिम | ---------- |

## 31 PMAY के अन्तर्गत ₹4.95 लाख के भुगतान का अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि PMAY (प्रधानमन्त्री आवास योजना) के अन्तर्गत निम्नलिखित लाभार्थियों को आवास बनाने हेतु किश्तों में ₹495000 का भुगतान किया गया था परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख जैसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा लाभार्थियों की अनुमोदित सूची, आवास निर्माण हेतु स्वीकृत राशि, किश्त जारी किए जाने सम्बन्धी नियम, पूर्व में जारी की गई राशि, बकाया राशि, लाभार्थियों से पावती इत्यादि अवलोकन हेतु अंकेक्षण को प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके कारण वर्णित भुगतान का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 37 दिनांक 30.11.19 द्वारा भी कार्यकारी अधिकारी से अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक यह अभिलेख अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जायेः–

| दिनांक | रोकड़ बही पृ0सं0 | शीर्ष | वा0सं0 | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 3.4.18 | 2 | Housig for all | 4 | 45000 |
| 10.4.18 | 12 | do | 19 | 225000 |
| 21.4.18 | 25 | do | 25 | 225000 |

## 32 भुगतान की वास्तविक पावतियाँ (receipts) अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना

**(i)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिषद द्वारा निम्न भुगतानों की एवज में सम्बन्धित विभागों/विक्रयकर्ताओं से वास्तविक पावतियाँ प्राप्त नहीं की गई थी क्योंकि कई बार आग्रह के पश्चात भी वर्णित पावतियाँ अंकेक्षण प्रस्तुत नहीं की गई। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाएः–

| वा0सं0/माह | बिल की राशि | विभाग/विक्रयकर्ता का नाम | विवरण |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 माह 04/18 | 63235 | आयकर विभाग में जमा | माह 3/18 के दौरान की गई आयकर की कटौती से सम्बन्धित |
| | 58528 | Secretary, buildingand other construction works welfare board Shimla | माह 03/18 में ठेकेदार को किए गए भुगतान से सम्बन्धित |
| | 591 | श्रम अधिकारी एवं सेस कुलेक्टर, सोलन | माह 03/18 में ठेकेदार को किए गए भुगतान से सम्बन्धित |
| | 43605 | खनन अधिकारी, सोलन | माह 03/18 में रायल्टी की जमा से सम्बन्धित |
| 16 माह 04/18 | 14078 | Raghav chick house, Solan | Crockery के क्रय हेतु किया गया भुगतान |
| 48 माह 04/18 | 264668 | GST | GST से सम्बन्धित जमा राशि |

**(ii)** व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि नगर परिषद द्वारा GST ₹264668 (वाउचर संख्या 48 माह 04/18) सम्बन्धित विभाग में जमा करवाया गया था परन्तु जमा राशि की गणना से सम्बन्धित विवरणी वाउचर के साथ संलग्न नहीं थी और न ही इसका लेखा अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया जिसके कारण जमा करवाई गई राशि का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः अब अपेक्षित विवरण/लेखा आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं मौखिक रूप से तथा अंकेक्षण ज्ञापन संख्या 46 दिनांक 12.12.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर एवं अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया।

**33 परिषद निधि से व्यय ₹7.82 लाख से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन अंकेक्षण मे प्रस्तुत न करनाः—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि परिषद द्वारा निम्न विवरणा के अनुसार ₹782355 का व्यय/भुगतान परिषद निधि से किया गया थाः—

| क्र0सं0 | वा0सं0/माह | राशि (₹) | विवरण |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 8/04./18 | 14000 | Him Produce Institution of Education, Shimla HP को माह 03/18 में Tally operator की उपलब्ध करवाई गई सेवाओं के एवज में किया गया भुगतान |
| 2 | 43/04/18 | 778355 | शहरी आजीविका केन्द्र सोलन द्वारा माह 03/18 में घर –घर से कूड़ा एकत्रित करने के सन्दर्भ में परिषद को करवाई गई सेवा हेतु किया गया भुगतान (सेवा शुल्क सहित) |

उक्त भुगतानों के अंकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–

**(i)** क्रम संख्याः 1 पर ₹14000 का भुगतान नगर परिषद द्वारा Tally operator की सेवाएं उपलब्ध करवाने की एवज में किया गया था, परन्तु अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार नगर परिषद में tally operator का कोई भी स्वीकृत पद नहीं था। हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियमावली 2009 के नियम 170 में विहित प्रावधानों के अनुसार किसी भी पद के सृजन एवं उसके विरूद्ध नियुक्ति हेतु सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति/अनुमोदन प्राप्त किया जाना अपेक्षित है परन्तु कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति अवलोकन हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में वर्णित व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

**(ii)** क्रम संख्या 2 पर ₹778355 का भुगतान नगर परिषद द्वारा शहरी आजीविका केन्द्र (CLC) को घर–घर से कूड़ा उठाने हेतु उपलब्ध करवाई गई सेवाओं के एवज में किया गया था। नगर परिषद द्वारा घर–घर से कूड़ा उठाने के एवज में सोलन शहर के निवासियों से अंकेक्षण अवधि के दौरान केवल ₹922970 (**परिशिष्ट** के अनुसार) कूड़ा एकत्रित शुल्क की वसूली की गई थी जोकि न के बराबर होने के कारण शहरी आजिविका केन्द्र (CLC) को कूड़ा उठाने की सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रतिमाह लगभग ₹7.50 से उपर का भुगतान नगर परिषद निधि में से किया जा रहा था परन्तु अंकेक्षण को यह स्पष्ट नहीं किया गया कि घर–घर से कूड़ा उठाने की परिषद द्वारा अनुमोदित योजना में उक्त सेवाओं के लिए भुगतान एकत्रित किए गए कूड़ा शुल्क से या नगर परिषद निधि में से किया जाना था और न ही इस सन्दर्भ में कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति एवं सम्बन्धित दिशा निर्देश/अनुमोदित योजना की प्रति अवलोकन हेतु अंकेक्षण मे ंप्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में परिषद निधि से किए गए उक्त भुगतान का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव हो सका।

उपरोक्त अनियमितताएं अंकेक्षण अधियाचना संख्या दिनांक द्वारा भी नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर

प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करके अपेक्षित सूचना/अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 34 निर्माण कार्यों से Royalty ₹0.97 लाख की कटौती करके सम्बन्धित विभाग में जमा न करवाना

नियमानुसार निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु निर्माण कार्य स्थल पर उपयोग की गई निर्माण सामग्री रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि पर रायल्टी की कटौती की जानी अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि चयनित मास में अधिकतम निर्माण कार्य बिलो का भुगतान करते समय न तो Royalty की कटौती नहीं की गई थी और न ही संविदाकार से फार्म "एम" प्राप्त किया गया था जोकि अनियमित है क्योकि **परिशिष्ट "एम"** में वर्णित विवरणानुसार निर्माण कार्यों में रेत, बजरी आदि का उपयोग किया गया था जिस हेतु देय रायल्टी ₹97323 की कटौती करके सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जानी अपेक्षित थी परन्तु ऐसा न करके जहां राजस्व हानि हुई है वहीं राजकोष की cost पर संविदाकारों को अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है। अंकेक्षण के दौरान अंकेक्षण ज्ञापन संख्याः 40 दिनांक 04.12.19 द्वारा उक्त अनियमितता परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। अतः या तो वर्णित अनियमितता को न्यायोचित ठहराया जाए अन्यथा ₹97323 की वसूली उपयुक्त स्त्रोत से सुनिश्चित करके सम्बन्धित विभाग में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

## 35 दिनांक 31.3.19 तक ₹293.63 लाख के अग्रिम समायोजन हेतु शेष

नगर परिषद द्वारा यथा **परिशिष्ट "ब"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2019 तक ₹29363777 के अग्रिम समायोजन हेतु शेष थे जोकि एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अतिशीघ्र नियमानुसार उक्त अग्रिमों के समायोजन हेतु ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 36 जन स्वास्थ्य विभाग से पानी के क्रय सम्बन्धी अनियमितताएं

### (क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को अधिभार सहित ₹5672.27 लाख का भुगतान शेष होना

नगर परिषद द्वारा **परिशिष्ट "ज"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार नगर परिषद द्वारा दिनांक 31.3.2019 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को जल आपूर्ति की एवज में अधिभार सहित ₹567226583 भुगतान हेतु शेष थे जोकि एक गम्भीर चिन्ता का विषय है क्योंकि कई बार मौखिक आग्रह के पश्चात भी नगर परिषद द्वारा इस सन्दर्भ में कोई भी उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया कि इनती अधिक बकाया राशि का भुगतान किस प्रकार किया जाएगा। गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में भी यह अनियमितता परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु लम्बे अन्तराल के पश्चात भी नगर परिषद द्वारा इतनी अधिक राशि के भुगतान हेतु कोई ठोस नियोजन न करना परिषद की लचर कार्यशैली को परिलक्षित करता है जिसके कारण मूल राशि के साथ–2 अधिभार की राशि भी प्रतिवर्ष बढ़ने पर परिषद कोष पर अनावश्यक वित्तीय बोझ की बढ़ौतरी हो रही है। अतः यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु लाया जाता है।

**(ख) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को पानी के बिलों का भुगतान नियत तिथि के भीतर न करने के कारण नगर परिषद पर लगभग ₹157.36 लाख के अधिभार (Surcharge) के भुगतान का दायित्व होना**

अभिलेख की जाँच में यह पाया गया कि नगर परिषद द्वारा सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग को पानी के बिलों का भुगतान नियत तिथि पर न करने के कारण **परिशिष्ट "ज"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.19 तक ₹15736030 (6870880 + 8865150) अधिभार (Surcharge) की राशि देय बनती है जिसे समय पर जल आपूर्ति के बिलों का सम्बन्धित विभाग को भुगतान करके बचाया जा सकता था। अधिभार से सम्बन्धित देय राशि में हर वर्ष वृद्धि होती जा रही है परन्तु इस सन्दर्भ में नगर परिषद द्वारा कोई भी ठोस कदम न उठाना गम्भीर चिन्ता का विषय है। अतः यह प्रकरण उच्चाधिकारियों के विशेष ध्यान में प्राथमिकता के आधार पर ठोस कदम उठाने हेतु लाया जाता है ताकि भविष्य में परिषद को गम्भीर वित्तीय संकट से बचाया जा सके।

**(ग) औसत जल आपूर्ति (गिरि नदी) के आधार पर सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर परिषद को लगभग ₹90 लाख का संदेहास्पद अधिक बिल जारी करना**

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल आपूर्ति की एवज में नगर परिषद को प्रति माह बिल मीटर रीडिंग के आधार पर जारी किए जाते है परन्तु कई बार मीटर में खराबी आ जाने के कारण जल आपूर्ति से सम्बन्धित बिल औसत के आधार पर भी जारी किए जाते है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मीटर खराब होने के कारण सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवधि 20.04.18 से 11.08.18 तक 114 दिनों के लिए 70 लाख लीटर प्रति दिन जल आपूर्ति के आधार पर नगर परिषद को बिल जारी किए गए थे जोकि उचित प्रतीत नहीं होते है क्योंकि निम्न तालिका में दर्शाई गई गणना के अनुसार वर्ष 2017–18 के दौरान सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर प्रतिदिन लगभग 44 लाख लीटर की जल आपूर्ति नगर परिषद को की गई थी जिससे स्पष्ट होता है कि नगर परिषद को प्रति दिन लगभग 44 लाख लीटर की जल आपूर्ति की जाती है तथा इसी औसत के आधार पर जल आपूर्ति के बिल जारी किए जाना अपेक्षित थे न कि 70 लाख लीटर प्रतिदिन आपूर्ति के आधार पर जिस सन्दर्भ में परिषद द्वारा अंकेक्षण को वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं की गई। इस अनियमितता के कारण सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिलों में 114 दिनों तक प्रत्येक दिन लगभग 26 लाख लीटर (70 लाख लीटर –44 लाख लीटर) की अधिक जल आपूर्ति दर्शा करके निम्न विवरणानुसार अधिभार सहित कुल ₹9034568 (2600000 लीटर x 114 दिन) x ₹27.71 प्रति 1000 लीटर + 10%) के बिल नगर परिषद को अधिक जारी किए गए प्रतीत होते है जिसे जल आपूर्ति से सम्बन्धित बिलों का उनकी प्राप्ति के समय ही गहन जाँच करते हुए बिल में पाई गई किसी भी त्रुटि का समय पर सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक सुधार करवाया जाना अपेक्षित था जिससे परिषद निधि को होने वाली वित्तीय हानि से बचाया जा सकता था। अतः परामर्श दिया जाता है यह प्रकरण सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग से उठाकर इस सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| **जल आपूर्ति परियोजना** | **वर्ष** | **माह** | **मीटर रीडिंग के आधार पर जल की मासिक आपूर्ति (लीटर)** | **औसत दैनिक जल आपूर्ति (लीटर)** |
|---|---|---|---|---|
| गिरि जल परियोजना | 2017–18 | 04/17 | 107400000 | 3580000 |
| | | 05/17 | 92170000 | 2973226 |
| | | 06/17 | 79390000 | 2646333 |
| | | 07/17 | 162000000 (औसत के आधार पर) | 5225806 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 08／17 | 151720000 | 4894194 |
| | | 09／17 | 132160000 | 4405333 |
| | | 10／17 | 159540000 | 5146452 |
| | | 11／17 | 143250000 | 4775000 |
| | | 12／17 | 145920000 | 4707097 |
| | | 01／18 | 150400000 | 4851613 |
| | | 02／18 | 121050000 | 4323214 |
| | | 03／18 | 169160000 | 5456774 |
| | | | **कुल योग** | **52985042** |
| | | | **औसत दैनिक** | **4415420 (52985042／12) लगभग 4400000 लीटर प्रतिदिन** |

**(घ) औसत के आधार पर बिल जारी करने का औचित्य अंकेक्षण को स्पष्ट न करना**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा Court area, kleen, sunder cinema, H/board phase I & II को Saproon line के माध्यम से प्रतिदिन 1000000 लीटर को आपूर्ति का बिल परिषद को औसत के आधार पर जारी किया जाता है परन्तु 1000000 लीटर की गणना किस आधार पर की जाती है इससे सम्बन्धित कोई भी अभिलेख अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। अंकेक्षण में यह भी पाया गया कि गत काफी अवधि से उपरोक्त colonies के लिए बिल औसत के आधार पर ही जारी किए जा रहे है जबकि यह बिल वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर जारी किए जाने अपेक्षित है तथा ऐसे में अधिक खपत के बिल जारी करने की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः इस सन्दर्भ में स्थिति स्पष्ट की जाये तथा मामला सम्बन्धित विभाग के समक्ष उठाकर वास्तविक रीडिंग के आधार पर बिल जारी करवाए जाने हेतु अपेक्षित कार्यवाही करने का आग्रह किया जाये ताकि भविष्य में वास्तविक जल आपूर्ति के आधार पर सम्बन्धित विभाग को भुगतान किया जा सके और परिषद को किसी परोक्ष वित्तीय हानि से बचाया जा सके।

**(ङ) बिल में ₹1216425 की जल आपूर्ति से सम्बन्धित रीडिंग दर्ज न होना**

सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा माह 04／17 से सम्बन्धित बिल (1.4.17 से 30.4.17, अश्वनी खडड जल आपूर्ति योजना) में नई तथा पुरानी लाईन के अन्तर्गत पानी की कुल आपूर्ति 78530000 लीटर दर्शाई गई थी जिसमें से नई लाइन के अन्तर्गत 43900000

लीटर पानी की आपूर्ति सम्मिलित थी परन्तु इस आपूर्ति/खपत का आधार क्या था इससे सम्बन्धित कोई भी रीडिंग/अन्य विवरण बिल पर दर्ज नहीं था जिसके कारण वर्णित जल आपूर्ति की मात्रा एवं इससे सम्बन्धित देय ₹1216425 (1105841 (43900000 x 25.19/1000 लीटर + 110584) (10% अधिभार) के सही होने की पुष्टि अंकेक्षण मे सम्भव न हो सकी। अतः इस सन्दर्भ में अपेक्षित अभिलेख/सूचना एकत्र करके आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

उपरोक्त अनियमितताएं मौखिक रूप से एवं अंकेक्षण अधियाचना संख्या 14 दिनांक 31.10.19 द्वारा नगर परिषद के ध्यान में लाई गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक इस सन्दर्भ में कोई भी प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः वर्णित अनियमितताओं का औचित्य स्पष्ट करते हुए इनके सन्दर्भ में अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये।

## 37 निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अनियमितताएं

**(क)** निर्माण कार्यों को वकर्स रूल्स में वर्णित प्रावधानों के अनुसार निष्पादित न करवाना

| | |
|---|---|
| 1 निर्माण कार्य का नाम | C/O link road from Nanak Villa at Tank to JBT D.I.E.T. Road Ward No. 10 |
| Estimated amount | ₹813096 |
| Awarded Amount | ₹1372237 |
| Award letter No. | MC/Works/2017-1150 dated 22.05.17 |
| Time limit | Not given |
| Contractor name | Sh. Vinay Thakur |
| MB No. & Page | 340 page No. 81 to 83 & MB No. 343 Page No. 50 to 52 |

अंकेक्षण के दौरान उक्त निर्माण कार्य के बिलों का विस्तृत अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निर्माण कार्य का निष्पादन हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल वर्कस रूल्स में विहित प्रावधानों के अनुसार नहीं करवाया गया प्रतीत होता है तथा इस सन्दर्भ में निम्नलिखित अंकेक्षण टिप्पणियाँ अपेक्षित हैः–

**(i)** हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल वकर्स रूल्स (H.P. Municipal Works Rules 2010) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य को संविदाकारों से करवाये जाने से पूर्व निर्माण कार्य की Drawing & Design, Estimates, Dnit, Analaysis of Rates, Justification बनाया जाना अपेक्षित है जबकि नगर परिषद ने उक्त निर्माण कार्य की न तो Drawing &

Design, estimates, Dnit, Analaysis of Rates, Justification तैयार किए गए थे और न ही निर्माण कार्य की technical & administrative स्वीकृति प्राप्त की गई थी जिस बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके सत्यापना आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

**(ii)** इस निर्माण कार्य के Dnit, आबंटन पत्र में कहीं भी यह स्पष्ट नहीं किया कि संविदाकार इस निर्माण कार्य को कितने समय में पूर्ण करेगा जिसके फलस्वरूप एग्रीमेन्ट के Clause 2, 3 के अनुसार यदि निर्माण कार्य Contractor द्वारा निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण नहीं करता और क्लॉज 3 के अनुसार समय बढ़ौतरी नहीं लेता तो अनुबन्ध की क्लॉज के अन्तर्गत 10% penalty लगाये जाने का प्रावधान है परन्तु निर्माण कार्य आबंटन पत्र में विहित शर्त का समावेश न करके संविदाकार को अनुचित लाभ पहुँचाया गया प्रतीत होता है जोकि गम्भीर अनियमितता है जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाए।

**(iii)** किसी भी निर्माण स्थल पर Engineer इन चार्ज की पूर्व स्वीकृति के बिना अतिरिक्त मदों का निष्पादन नहीं किया जा सकता जबकि संविदाकार द्वारा निर्माण स्थल पर अतिरिक्त मदों का निष्पादन किया गया था तथा उसकी स्वीकृति किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान नहीं की गई थी। अतः बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के निर्माण स्थल पर किये गये निम्न अतिरिक्त मदों के निष्पादन व इसकी एवज में संविदाकार को किया गया भुगतान अनियमित है जिस बारे वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए इसे अब सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाया जाएः–

| क्र0सं0 | अतिरिक्त मद का ब्यौरा | मद की गणना | दर | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | Excavated in foundation and trenches etc. | 71.14 m3 | 220 | 15651 |
| (2) | Disposal of all excavated earth through mechanical transport up to 5 km i/c loading | 71.14 m3 | 304 | 21627 |
| (3) | P/L CC 1:6:12 (1 cement 6 sand: 12 graded stone aggregate 40 mm nominal size | 13.85 m3 | 3200 | 44320 |
| | | | **Total** | **₹81598** |

**(iv) संविदाकार को अनियमित रूप से ₹0.76 लाख का अधिक भुगतान करना**

अंकेक्षण के दौरान उक्त निर्माण कार्य से सम्बन्धित माप पुस्तिका संख्या 340 पृ0 81 से 83 पर दर्ज रिकार्ड प्रविष्टियों की जाँच करने पर पाया गया कि कार्य मद "RR Stone Masonry" की निष्पादित कार्य प्रमात्रा की गणना कार्य मद "Excavation in foundation and trenches and providing and lying CC 1:6:12 graded stone aggregate 40 mm nominal size in retaining wall" हेतु लिए गए परिमाप के आधार की अपेक्षा निम्न विवरणानुसार अधिक परिमाप लेकर ठेकेदार को भुगतान किया गया था जोकि अनियमित प्रतीत होता हैः–

**माप पुस्तिका में दर्ज निष्पादित कार्य प्रमात्रा की गणना**

| | **मद का नाम** | **मात्रा** |
|---|---|---|
| Excavation in foundation and trenches etc. | | |
| R/Wall | 1x4.00x1.00x0.60 | 2.40 $cm^3$ |
| -do- | 1x17.00x1.20x0.80 | 16.32 $cm^3$ |
| -do- | 1x16.00x1.00x0.30 | 4.80 $cm^3$ |
| -do- | 1x4.50x1.80x0.90 | 8.10 $cm^3$ |
| -do- | 1x14.20x1.80x0.90 | 23.00 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x0.90 | 16.52 $cm^3$ |
| | Total Qty | 71.14 $cm^3$ |
| P/L CC 1:6:121 cement; 6 sand;12 graded stone aggregate 40 mm nominal size | | |
| R/Wall | 1x4.00x1.00x0.15 | 0.60 $cm^3$ |
| -do- | 1x17.00x1.20x0.15 | 3.06 $cm^3$ |
| -do- | 1x16.00x1.00x0.15 | 2.40 $cm^3$ |
| -do- | 1x4.50x1.80x0.15 | 1.21 $cm^3$ |
| -do- | 1x14.20x1.80x0.15 | 3.83 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x0.15 | 2.75 $cm^3$ |
| | Total Qty | 13.85 $cm^3$ |
| RR Stone masonry with cement concrete 1:6 (one cement:6 sand with hard stone of approved quantity | | |
| R/Wall | 1x4.00x0.90+1.00x2.80 | 10.64 $cm^3$ |

| | | |
|---|---|---|
| | 2 | |
| -do- | $1x17.00x \frac{0.75+1.20}{2} x \frac{2.20+2.90+2.80}{3}$ | 43.36 $cm^3$ |
| -do- | $12.70x1.00x\frac{2.40+1.40x1.00}{3}$ | 20.32 $cm^3$ |
| -do- | $16.00x1.00x \frac{2.10+1.60+1.60}{3}$ | 28.16 $cm^3$ |
| Toe wall | 1x4.50x1.80x1.00 | 8.10 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x1.00 | 18.36 $cm^3$ |
| R/wall | $1x4.50x \frac{0.70+1.80}{2} x 4.20$ | 23.62 $cm^3$ |
| -do- | $1x14.20 x \frac{0.70+1.80}{2} x 4.25$ | 75.43 $cm^3$ |
| -do- | $1 x 10.20x \frac{0.70+1.80}{2} x2.70$ | 34.42 $cm^3$ |
| | Total Qty | 262.41 $cm^3$ |
| जितनी निष्पादित कार्य प्रमात्रा गणना लेकर भुगतान होना चाहिए था | | |
| | **मद का नाम** | **मात्रा** |
| Excavation in foundation and trenches etc. | | |
| R/Wall | 1x4.00x1.00x0.60 | 2.40 $cm^3$ |
| -do- | 1x17.00x1.20x0.80 | 16.32 $cm^3$ |
| -do- | 1x16.00x1.00x0.30 | 4.80 $cm^3$ |
| -do- | 1x4.50x1.80x0.90 | 8.10 $cm^3$ |
| -do- | 1x14.20x1.80x0.90 | 23.00 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x0.90 | 16.52 $cm^3$ |
| | Total Qty | 71.14 $cm^3$ |
| P/L cc 1:6:12 (1 cement :6 sand: 12 graded stone aggregate 40 mm nominal size) | | |
| R/Wall | 1x4.00x1.00x0.15 | 0.60 $cm^3$ |
| -do- | 1x17.00x1.20x0.15 | 3.06 $cm^3$ |
| -do- | 1x16.00x1.00x0.15 | 2.40 $cm^3$ |

| | | |
|---|---|---|
| -do- | 1x4.50x1.80x0.15 | 1.21 $cm^3$ |
| -do- | 1x14.20x1.80x0.15 | 3.83 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x0.15 | 2.75 $cm^3$ |
| | Total Qty | 13.85 $cm^3$ |
| RR Stone masonry with cement concrete 1:6 (1 cement 6 sand with hard stone of approved quantity) | | |
| R/Wall | 1x4.00x $\frac{0.90+1.00}{2}$ x 2.80 | 10.64 $cm^3$ |
| -do- | 1x17.00 x $\frac{0.75+1.20}{2}$ x $\frac{2.20+2.90+2.80}{3}$ | 43.36 $cm^3$ |
| -do- | 16.00 x 1.00 x $\frac{2.10+1.60+1.60}{3}$ | 28.16 $cm^3$ |
| Toe wall | 1x4.50x1.80x1.00 | 8.10 $cm^3$ |
| -do- | 1x10.20x1.80x1.00 | 18.36 $cm^3$ |
| R/Wall | 1x4.50x $\frac{0.70+1.80}{2}$ x 4.20 | 23.62 $cm^3$ |
| -do- | 1x 14.20 x $\frac{0.70+1.80}{2}$ x 4.25 | 75.43 $cm^3$ |
| -do- | 1x 10.20 x $\frac{0.70+1.80}{2}$ x 2.70 | 34.42 $cm^3$ |
| | **Total Qty** | **242.09 $cm^3$** |

इस प्रकार कार्य मद "RR stone masonry with cement concrete 1:6 (1 cement :6 sand with hard stone of approved quantity" हेतु 20.32 $cm^3$ (262.41 $cm^3$–242.09 $cm^3$) निष्पादित कार्य प्रमात्रा अधिक दर्शाकर संविदाकार को ₹3750 per $cm^3$ की दर से ₹76250 का अनियमित रूप से अधिक भुगतान करके अनुचित लाभ प्रदान किया गया प्रतीत होता है जिसका या तो नियमानुसार पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा सम्बन्धित उचित स्त्रोत से ₹76250 की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जायें।

**(v)** उक्त निर्माण कार्य में निष्पादित अतिरिक्त कार्य "Disposal of all excavated earth through mechanical transport up to 5 km i/c loading की 71.14 m3 कार्य प्रमात्रा का ₹304 m3 की दर से कुल ₹21627 का भुगतान किया गया परन्तु इसके समर्थन में न तो कोई अनुमोदित head lead chart ही संलग्न किया गया था और न ही dumping का स्थान वर्णित था। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अपेक्षित अभिलेख आगामी अंकेक्षण के दौरान सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

**(vi)** निर्माण कार्य में सीमेन्ट का उपयोग संविदाकार द्वारा अपने स्त्तर पर क्रय करके किया गया था परन्तु न तो नगर परिषद ने भुगतान से पूर्व उपयोग किये गये सीमेन्ट से सम्बन्धित कैश वाउचर बिल के साथ संलग्न किए और न ही माप पुस्तिका में निर्माण कार्य में उपयोग सामग्री की खपत विवरणी तैयार व अनुमोदित की गई थी जिसके कारण निर्माण कार्य बिल का अनुबन्ध के अन्तर्गत पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। अतः इस सन्दर्भ में वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए अब अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करके कृत कार्यवाही की सत्यापना आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

